तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

3
पत्रकारिता में स्व.विजय शर्मा के विकासपरक विचारों की झलक देख हर्षित और गर्वित हूं : संजू देवी



# मनरेगा में वित्तीय अनियमितता की जांच में हुई पुष्टि, रोजगार सहायक पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जामपानी में मनरेगा के तहत किए गए कार्यों में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मजदूरी भुगतान की शिकायत जनदर्शन में ग्रामीणों के द्वारा की गई थी जिस पर करतला सीईओ के नेतृत्व में गठित जांच टीम के द्वारा की गई जांच कार्यवाही के दौरान वित्तीय अनियमितता की पुष्टि होने पर रोजगार सहायक के खिलाफ हटाने की कार्यवाही की गई है। हालांकि जांच के दायरे में और लोगों के आने की भी जानकारी सामने आयी है।

इस पूरे मामले के अनुसार ग्राम पंचायत जामपानी में मनरेगा के तहत काम स्वीकृत हुए थे। उक्त काम में गांव के मजदूरों की जगह अन्य लोगों से मजदूरी कराई गई थी। वे ऐसे लोग थे जो सरपंच के ही रिश्तेदार थे। साथ ही गांव के दुकानदारों को भी मजदूर बता दिया गया था। इन दुकानदारों के द्वारा बर्तन, कपड़ा और किराना के व्यवसाय किए जाते हैं और मजदूरी का भुगतान भी उनके खाते में कर दिया गया है। इसके अलावा गांव के ही अमृत लाल केंवटा के नाम से स्वीकृत डबरी का निर्माण भी गांव के जंगल जमीन में कर दिया गया था। इसी तरह कन्हैयालाल पटेल के नाम के नाम से भूमि समतलीकरण का काम स्वीकृत हुआ था जहां गड्ढे खोदकर काम पूरा बता दिया गया था। इसके अलावा जयलाल पटेल के नाम से स्वीकृत डबरी भी कहीं और खोदी गई। ऐसे मामलों की शिकायत होने पर जांच की गई थी। इस दौरान गांव में जाकर जांच टीम के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया और लोगों के बयान दर्ज किए गए। उक्त बयान के बाद जांच टीम के द्वारा प्रतिवेदन जनपद सीईओ को प्रेषित किया गया। उक्त रिपोर्ट में रोजगार सहायक बुधराम पटेल को दोषी मानते हुए जनपद सीईओ के द्वारा 21 जनवरी को रोजगार सहायक बुधराम पटेल की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया है।

## मामला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत जामपानी का

### खास बातें

- सीईओ के नेतृत्व में गठित हुई थी जांच टीम
- व्यापारियों को बनाया गया था मजदूर,निकाली गई थी मजदूरी राशि


मजदूरी भुगतान का मामला
मनरेगा में वित्तीय गड़बड़ियों की जांच के लिए गठित हुई टीम
लोकपाल को सौंपा जाता है मामला
मिलीं थीं 121 शिकायतें

### और भी हैं मामले

मनरेगा में वित्तीय गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर और भी मामले जिला पंचायत में पहुंचे हैं। जिनमें जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा और जनपद पंचायत पाली के मामले ज्यादा हैं। इन प्रकरणों की भी जांच की तैयारी चल रही है। कुछ प्रकरणों की जांच दोनों जनपद पंचायतों के जनपद सीईओ के द्वारा की गई है। मनरेगा में वित्तीय गड़बड़ी में कार्यवाही के लिए जिला पंचायत सीईओ के द्वारा कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### लैंको पताढ़ी में उतरेगा अडानी का उड़नखटोला



**कोरबा।** उद्योगपति गौतम अडानी 26 जनवरी को कोरबा आ रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 26 जनवरी को लैंको के अडानी पॉवर प्लांट में उनका उड़नखटोला उतरेगा। बता दें कि लैंको पॉवर प्लांट को खरीदने के बाद देश के चर्चित उद्योगपति गौतम अडानी दूसरी बार कोरबा आ रहे है। सूत्रों की माने तो पटाढ़ी में संचालित अडानी पॉवर का निरीक्षण कर प्लांट के विस्तार पर रणनीति तैयार कर सकते हैं।

### नुक्कड़ नाटक आयोजित कर किया जागरुक

**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ विनोद कुमार साहू सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती कल्याणी ध्रुव, श्रीमती मोनिका मिंज, श्रीमती वर्षा सिंह तंवर, श्रीमती अनिमा तिर्की, समस्त प्राध्यापक उपस्थित थे।

### दो दिवसीय गुरु पर्व व जयंती कार्यक्रम संपन्न

**हरदीबाजार।** ग्राम अंडीकछार में दो दिवसीय गुरुपर्व एवं जयंती कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा बाबा गुरु घासीदास के जयंती समारोह में पूजा कर जैतखाम पर झंडा चढ़ाया गया। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का मनसा था की लोगों में जाति भेदभाव नहीं होना चाहिए हम सभी एक दूसरे मिलकर चलना और झूठ चोरी जैसे काम नहीं करना चाहिए हम सभी मानव को जैसे मनखे मनखे एक समान की भावना होना चाहिए जो आज बाबा के बताए रास्ते पर लोग चल रहे हैं और इस संदेश का भी पालन कर रहे हैं। आज लोग जागरूक होते जा रहा है हमें एक साथ मिलकर बिना भेदभाव के रहना चाहिए भाईचारा एक दूसरे में होना चाहिए। इस दौरान समाज के अध्यक्ष ख़ेमचंद अनंत, उपाध्यक्ष राजकुमार रात्रे, सचिव मुकेश कुमार ओग्रे, अजय कुमार पाटले, सरपंच प्रतिनिधि अमीर सिंह कोराम, उप सरपंच उमेश श्रीवास सहित ग्रामवासी महिला मंडली उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** जिले में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा विभाग के शिक्षकों के लिए बीते दिनों कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के 150 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में तम्बाकू से होने वाली हानिकारक बिमारियों, कैंसर, हृदय रोग, सांस लेने की समस्या और अन्य तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुस्प्रभावों के बारे में जानकारी दिया गया। कोटपा अधिनियम 2003 की धाराओं को विस्तार से बताया गया साथ ही तम्बाकू सेवन से छुटकारा पाने तथा स्कूलों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने निर्धारित मापदंडों को बताया गया।

### हसदेव आरती परिसर में 31वां भगवती भंडारा 27 को

**कोरबा।** वार्षिक परंपरा के अंतर्गत कोरबा के हसदेव आरती स्थल पर मां भगवती का विशाल भंडारा 27 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का यह 31वां वर्ष होगा। मां भगवती जागरण मंडल और अपना घर सेवा आश्रम इसका आयोजन कर रहे हैं। बताया जाता है कि 27 जनवरी को सुबह 10 बजे मां भगवती सर्वमङ्गला को 56 भोग लगाने की संभावित योजना है लेकिन इस संख्या में बढ़ोतरी के विकल्प को स्वतंत्र रखा गया है। वे अपनी श्रद्धा और रुचि से व्यंजन की व्यवस्था करेंगे और खुद इस अर्पित करेंगे।

## उपार्जन केद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम पड़ा

# धान रखने किराए पर जगह लेने मजबूर हो रहे समिति प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 65 उपार्जन केंद्रों में से 25 उपार्जन केंद्र ऐसे हैं जहां धान रखने के लिए जगह नहीं बची है वहां के प्रबंधकों को धान रखने के लिए किराये पर किसानों के खेत लेना पड़ रहा है। मार्कफेड के द्वारा उठाव पर रोक लगाई जाने की वजह से बीते दस दिन से प्रदेश सहित जिले के किसी भी उपार्जन केंद्र से धान का उठाव नहीं होने के कारण स्थितियां गड़बड़ा गई हैं।

धान खरीदी के दौरान पहली बार मार्कफेड के द्वारा धान उठाव पर रोक लगाई गई है लेकिन खरीदी पर रोक नहीं लगने के कारण धान की आवक लगातार बनी हुई है। परिणाम स्वरुप धान के कुछ केंद्रों में जाम रहने की स्थिति निर्मित हो गई है। ऐसे 25 केंद्र हैं जहां धान रखने के लिए प्रबंधकों को किसानों से उनके खेत 10 हजार प्रति माह के दर से किराये पर लेना पड़ रहा है और जगह तैयार करने के लिए मिट्टी फिलिंग के साथ बचाव के लिए सीमेंट के पोल सहित फैसिंग तार की खरीदारी करनी पड़ रही है। इस तरह से एक समिति प्रबंधक के उपर धान रखने के लिए अलग से जगह तैयार करने हेतु 25 से 30 हजार रुपए का खर्च बैठ रहा है और प्रतिमाह 10 हजार रुपए किराया अलग से देना पड़ेगा। एकाएक आय इस आर्थिक बोझ से प्रबंधक दब गए हैं। वर्तमान में 30 जनवरी तक खरीदी की जाएगी और 9 लाख क्विंटल का टोकन कट चुका है जिससे खरीदी होगी। अब तक 25 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है और आने वाले दिनों में और भी खरीदी होगी। लिहाजा जिले को धान खरीदी का 31 लाख क्विंटल का जो लक्ष्य मिला है वह पूरा हो जाएगा। वर्तमान में जिला प्रशासन के द्वारा धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु रुप से चलाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों की कलेक्टर के द्वारा समीक्षा बैठक लेकर निर्देश भी दिए गए हैं।

### खास बात

- 25 उपार्जन केन्द्रों में धान रखने की नहीं बची है जगह

### ये स्थान जहां धान जाम

सिरमिना नॉनबीरा, रामपुर, भैंसमा, बरपाली, कोरबा, नवापारा, कोरबी इन केन्द्रों में 30 हजार क्विंटल धान जमा पड़ा है। इसके आलावा 17 समितियों में 25 हजार क्विंटल धान जमा है। इन समितियों में धान रखने के लिए जगह नहीं है।

### तीन दिन बंद रहेगी खरीदी

शनिवार-रविवार को धान खरीदी नहीं करने के निर्देश पूर्व में ही दिये गये हैं। लिहाजा शनिवार-रविवार को खरीदी नहीं होती, इस दिन केवल उठाव की प्रक्रिया ही की जाती है। जनवरी महीने में सोमवार को 26 जनवरी होने के कारण सरकारी छुट्टी होने से तीन दिन लगातार, शनिवार, रविवार और सोमवार को खरीदी बंद रहेगी। मंगलवार, बुधवार से शुक्रवार तक खरीदी की जाएगी। इस तरह चार दिन ही खरीदी को शेष बचे हैं। इन चार दिनों में उन किसानों का धान लिया जाएगा जिनका समिति से टोकन मैनुअल रुप से किया गया है।

### चल रहा है घर घर सत्यापन

धान खरीदी में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी हल्का को भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार दोनों अधिकारी द्वय किसानों के घर जाकर भौतिक सत्यापन का काम कर रहे हैं। ऐसा इसलिए कराया जा रहा है ताकि कोई भी किसान किसी व्यापारी का धान लेकर मंडी में न बेच सके लेकिन वनांचल क्षेत्र की समितियों के अंतर्गत आने वाले गांव में सत्यापन के दौरान गड़बड़ियां की जाने की शिकायतें मिली है। जिन किसानों के यहां धान नहीं मिल रहा है उनके यहां भी सत्यापन की रिपोर्टिंग की जा रही है।

# कोल इंडिया का मैनपावर घट कर हुआ 2 लाख 14 हजार 909

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया द्वारा जारी नवंबर 2025 की मैनपावर रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के कुल मानव बल में लगातार कमी दर्ज की गयी है। 1 दिसंबर तक कोल इंडिया का कुल मैनपावर घटकर 2 लाख 14 हजार 909 रह गया है। अक्तूबर 2025 की तुलना में नवंबर माह में 598 कर्मियों की शुद्ध कमी दर्ज की गयी, जबकि बीते आठ महीनों में कुल 5 हजार 363 पद कम हुए हैं। कोल इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में सीसीएल में कुल 32 हजार 560, बीसीसीएल में 31 हजार 105 और इसीएल में 45 हजार 453 कर्मचारी कार्यरत हैं। ⏭ शेष पेज 3 पर

### एक नजर में कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनियों का मैनपावर

| कंपनी | अधिकारी | कर्मचारी | कुल |
|---|---|---|---|
| बीसीसीएल | 1791 | 29314 | 31105 |
| सीसीएल | 2101 | 30459 | 32560 |
| इसीएल | 2123 | 43330 | 45,453 |
| डब्ल्यूसीएल | 1978 | 29533 | 31511 |
| एसइसीएल | 2445 | 34267 | 36712 |
| एमसीएल | 1739 | 18970 | 20709 |
| एनसीएल | 1596 | 11434 | 13030 |
| सीएमपीडीआइ | 798 | 1867 | 2665 |
| एनइसी | 065 | 448 | 513 |
| मुख्यालय | 390 | 261 | 651 |
| कुल मैनपावर | 15026 | 199883 | 214909 |

# पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही पर लगे तत्काल रोक : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से राज्य में एसआईआर के बाद फार्म 7 का सुनियोजित वैच, स्थायी एवं वर्षों से पंजीकृत मतदाताओं को लक्षित तरीके से मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही पर तत्काल हटाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एसआईआर पूर्ण होने के बावजूद हर विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के हजारों नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर कर दिये जाने का भय सता रहा है जबकि वे वर्षों से लगातार चुनाव में मतदान करते रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025 में मतदाता सूची की शुद्धता हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। लोकतंत्र के हित में यह कदम स्वागत योग्य हो सकता था यदि इसके बाद मताधिकार पर सुनियोजित हमला न किया जाता। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बैठकें लेकर यह रणनीति बनाई कि सभी विधानसभाओं में ऐसे वर्ग विशेष के मतदाताओं की पहचान की जाय जो भाजपा के मतदाता नहीं हैं और उन मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित करवाने के लिए फॉर्म 7 में विवरण भर कर जिला मुख्यालयों में जमा कराया जाय। एक व्यक्ति 5 फार्म भरकर जमा करे और इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक बूथ पर 2 सौ मतदाताओं के नाम विलोपित करवाए जाएं। इस तरह के फॉर्म रायपुर भाजपा कार्यालय से भी भेजे जा रहे हैं और यह भी स्पष्ट है कि एक कार्यकर्ता 5 लोगों का नाम विलोपित करवा सकता है। इसी प्रकार बूथ स्तर पर ब्लैक फॉर्म भरने वाले कार्यकर्ताओं को न्यूनतम सौ नाम कटवाने के लिए अघोषित तौर पर अधिकृत किया गया है जिसके लिए उन्हें निर्देश है कि उनको इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि वह मतदाता भाजपा का मतदाता न हो। इस प्रकार मोटे तौर पर यह स्थापित हो रहा है कि प्रत्येक विधानसभा से लगभग 20 हजार वर्ग विशेष के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह अत्यंत गंभीर, दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र विरोधी तथ्य है कि यह पूरा अभियान फॉर्म-7 के नाम पर चलाया जा रहा है। जहाँ किसी भी व्यक्ति द्वारा शिकायत भर कर यह कहा जा रहा है कि फलाँ व्यक्ति यहाँ नहीं रहता/कहीं और स्थायी रूप से चला गया है और प्रशासन बिना पर्याप्त सत्यापन के वैध मतदाताओं का नाम काटने की तैयारी कर रहा है। यह वोटर लिस्ट की सफाई नहीं बल्कि वोटर लिस्ट की सफाया जैसा प्रतीत हो रहा है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक एवं विस्फोटक तथ्य यह है कि नाम काटने/कटवाने की यह कार्रवाई संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी लक्षित रणनीति है, जिससे विशेष समुदाय एवं विशेष धर्म के मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है।

### खास बात

- नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखा पत्र


डॉ चरणदास।

# कोरबा रेंज में 15 हाथियों के झुंड ने दी दस्तक


हाथियों का झुंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा वनमंडल में इन दिनों बाघ गणना का काम चल रहा है। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जंगल में पैदल चलकर वहां मौजूद बाघ, चीता व अन्य हिंसक जानवरों का सर्वे कर रहे हैं। सर्वे के दौरान चैतमा रेंज में एक स्थान पर तेंदुए के पैरों के निशान मिले हैं जिससे इस बात की पुष्टि हो रही है कि क्षेत्र के जंगल में तेंदुए की मौजूदगी बनी हुई है। याद रहे कटघोरा वनमंडल के चैतुरगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में इससे पहले भी ग्रामीणों द्वारा तेंदुए को देखे जाने की जानकारी वन विभाग को देने के साथ आम होती रही है। क्षेत्र में मौजूद तेंदुए द्वारा पशुओं का शिकार किए जाने का मामला भी कई दफ सामने आया है।

### चैतमा रेंज के जंगल में मिले तेंदुए के पैरों के निशान

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में इन दिनों बाघ गणना का काम चल रहा है। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जंगल में पैदल चलकर वहां मौजूद बाघ, चीता व अन्य हिंसक जानवरों का सर्वे कर रहे हैं। सर्वे के दौरान चैतमा रेंज में एक स्थान पर तेंदुए के पैरों के निशान मिले हैं जिससे इस बात की पुष्टि हो रही है कि क्षेत्र के जंगल में तेंदुए की मौजूदगी बनी हुई है। याद रहे कटघोरा वनमंडल के चैतुरगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में इससे पहले भी ग्रामीणों द्वारा तेंदुए को देखे जाने की जानकारी वन विभाग को देने के साथ आम होती रही है। क्षेत्र में मौजूद तेंदुए द्वारा पशुओं का शिकार किए जाने का मामला भी कई दफ सामने आया है।



## खबर संक्षेप

### मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में आयोजित होगा जिला स्तरीय मुख्य समारोह

**कोरबा।** निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 25 जनवरी को पूरे कोरबा जिले में 16वां 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' (एनव्हीडी) गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन प्रातः 11 बजे से शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा में किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में लोकतंत्र की मजबूती और मतदाता जागरूकता के इस महापर्व को जिले के प्रत्येक कोने तक पहुँचाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के समस्त विकासखंडों, तहसीलों, संकुलों तथा सभी ग्राम पंचायतों में विशेष सभाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विद्यालयों, मतदान केंद्रों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी स्थानों पर उपस्थित जनसमूह और शासकीय अमले को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया से जोड़ना तथा उन्हें अपने मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

### संविदा को नियमित नहीं करने का निर्णय कर्मचारियों के साथ अन्याय : चेट्टी

**कोरबा।** राज्य विद्युत कंपनी द्वारा वितरण



कंपनी के 2474 व ट्रांसमिशन कंपनी के 76 लाइन परिचारक संविदा के पद पर कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि किया जाना उचित निर्णय है, लेकिन लाइन श्रेणी के रिक्त 5708 पदों के बावजूद संविदा को नियमित नहीं करने का निर्णय कर्मचारियों के साथ अन्यायपूर्ण है। यह कहना है छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के महासचिव आरसी चेट्टी का। श्री चेट्टी ने कहा कि कंपनी को वेतन वृद्धि करने पर लगभग 13 करोड़ रुपए वार्षिक भार आ रहा है। वहीं लगभग 19 करोड़ रुपए भार पर सभी संविदा 2540 कर्मियों को नियमित किया जा सकता है। कंपनी के इस निर्णय से संविदा कर्मियों का वर्तमान तो सुखद हो सकता है, लेकिन सामाजिक सुरक्षा के अभाव में भविष्य अंधकार मय होगा। उन्होंने कहा कि वेतन वृद्धि के साथ संविदा कार्यकाल में वृद्धि करना कोई सफलता नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संविदा को नियमित करने के बजाय वेतन व सेवा वृद्धि आदेश से संविदा के नियमिती करण पर एक प्रकार से विराम लगा दिया गया है। संगठन ने अपने सुझाव में स्थाई आदेश नियम 07 के अंतर्गत परिभाषित कर्मचारी की परिभाषा में समान कार्य के समान वेतन के सिद्धांत पर संविदा कर्मियों को भी नियमित कर्मचारियों के अनुरूप वेतन देने की मांग रखी थी। फेडरेशन के सुझाव पर ही कंपनी प्रबंधन ने पहली बार बैठक विवरण में यह स्वीकार किया कि संविदा कर्मचारियों को नियमित का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है।

### निगम में जनता के पैसे की लूट, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियां चरम पर : कृपाराम

**कोरबा।** नगर निगम में भाजपा शासित परिषद के लगभग एक वर्ष पूरे हो रहे हैं, लेकिन नगर की जनता सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट आरोप है कि इस एक वर्ष में नगर निगम ने एक भी नया ठोस जनहितकारी विकास कार्य नहीं किया, बल्कि कांग्रेस शासनकाल में किए गए विकास कार्यों पर लीज, ठेके, मेंटेनेंस और संधारण व अनुपयोगी कार्यों के जरिए विकास के नाम पर खुली लूट मचाई जा रही है। निगम में नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू और जिलाध्यक्ष कोरबा शहर एवं पार्षद मुकेश राठौर ने आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की संगठित कार्यप्रणाली नगर निगम में भ्रष्टाचार इस स्तर पर पहुंच चुका है कि एक ही कार्य को एआरसी मेंटेनेंस, संधारण के नाम पर पहले करवा लिया जाता है, और बाद में कार्य के लिए दोबारा फ्रेश टेंडर निकाल दिया जाता है। कई मामलों में काम पहले करवा लिया जाता है और बाद में ऑफलाइन टेंडर प्रक्रिया अपनाकर अपने चहेते ठेकेदारों को भुगतान किया जाता है। अनेक ऐसे मामले भी संज्ञान में आये हैं जिनमें चहेते ठेकेदार को उपकृत करने के लिए निगम की मशीनरी निःशुल्क उपलब्ध करवा दी जाती है।

## केसीसी के वार्षिक खेल महोत्सव का रंगारंग उद्घाटन

# खेल हमारे जीवन के शारिरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




वार्षिक खेल महोत्सव में उपस्थित कॉलेज के छात्र व शिक्षक।

कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय के 25वें वार्षिक खेल महोत्सव का उद्घाटन केसीसी कैंपस में निर्देशक राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, खेल हमारे जीवन के शारिरिक, मानसिक साथ ही बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पहले कहा जाता था कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब आज समय बदल गया है, आज व्यक्ति खेलों के माध्यम से अपना जीवन सवांर सकता है, इसीलिये हमें कुछ ना कुछ खेल, योग जैसे किसी ना किसी विधा में रूचि रखनी चाहिए, जिससे हमारा सर्वांगिण विकास हो सके। खेल महोत्सव के होने वाले प्रथम चरण में सभी प्रकार के आउटडोर गेम्स स्थानीय दशहरा मैदान पर हुये, जिनमें मुख्यतः क्रिकेट, बालीबाल, खो-खो, कबड्डी, स्लो-साईकलिंग, लाँग जम्प, गोला फेंक, डिस्क थ्रो, 100 मी. एवं 400 मी. रेस, एवं रिले रेस में बीकाम, बीबीए, बीसीए, डीसीए, पीजीडीसीए एवं एम एससी (कम्प्यूटर विज्ञान) के छात्र-छात्राओं ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं खेल महोत्सव के द्वितीय चरण में सभी प्रकार के इनडोर गेम्स जिनमें मुख्यतः चम्मच दौड़, जलेबी दौड़, कैरम, शतरंज, बोरा दौड़ तथा खेल महोत्सव के तृतीय चरण में महाविद्यालय के सभागृह में रंगोली, पूजा थाली, पोस्टर पेंटिंग, मेंहदी, नेल आर्ट, हेयर स्टाइल, दुल्हा-दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता आयोजित होगी तथा दुल्हा-दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति को परिलक्षित करते हुए दुल्हा-दुल्हन के वेशभूषा में सुसज्जित होंगे, इस प्रतियोगिता में दुल्हा-दुल्हन बने प्रतिभागियों का रैम्प वाक होगा प्रतिवर्षानुसार खेल महोत्सव के चतुर्थ चरण में व्यंजन प्रतियोगिता होगा जिसमें केक मेकिंग, छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व्यंजनों एवं भारत के विभिन्न प्रदेशों के विभिन्न व्यंजनों को बनाने में छात्र-छात्राओं द्वारा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जायेगा, कार्यक्रम का समापन आनंद मेला के आयोजन के साथ होगा। कार्यक्रम में निर्णय लेने हेतु निर्णायक समिति का गठन किया गया है जिसमें क्रीड़ा प्रभारी उमाकांत कैवर्त, सुरभि राठौर एवं मेधा सोनी एवं महाविद्यालय के शिक्षकगण रीना लहरे, बालीदास महंत, सुरभि कुण्डू, ईरविन कुमार, योगिता अग्रवाल, सिमरन कौर, राखी सोनवानी एवं पियूश साहू सम्मिलित रहेंगे।

## बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के द्वारा गत 1 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट के दौरान विद्युत कंपनी में 2004 के बाद नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण जैसे ज्वलंत विषयों पर अपना सकारात्मक पक्ष रखा गया था, जिस पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए मुख्यमंत्री के द्वारा विद्युत कंपनी के शीर्षस्थ अधिकारियों से चर्चा उपरांत शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया था। महासंघ के सतत संघर्ष और सकारात्मक प्रयास के परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा संविदा कर्मचारियों के आर्थिक हितलाभ हेतु समान काम समान वेतन की अवधारणा के अनुरूप संवेदनशीलता के साथ मानदेय में 33 प्रतिशत की वृद्धि, वाहन भत्ता, मैदानी भत्ता, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके संविदा कर्मियों की सेवा आगे जारी रखने के साथ भविष्य में प्रत्येक वर्ष संविदा कर्मचारियों के मानदेय एवं अन्य हितलाभ हेतु कमेटी के गठन करने हेतु विद्युत कंपनी प्रबंधन को आदेश जारी करने निर्देशित किया गया और 22 जनवरी को विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा संविदा कर्मचारियों के मानदेय वृद्धि एवं अन्य हितलाभ से संबंधित आदेश जारी किया गया। इस हेतु आभार और धन्यवाद हेतु भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रतिनिधियों ने श्री राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में माननीय मुख्यमंत्री महोदय को शाल और पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार और धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# टीपी नगर गुरूद्वारा में 40 लाख रुपए की राशि से होगा विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




विकास कार्य का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व अन्य।

समाज की बहुप्रतीक्षित मांग थी जो गुरूजी की कृपा से आज पूरी हुई है, समाज के सदस्यों ने विकास कार्य हेतु साढे.38 लाख रूपये का व्यय बताया था किन्तु सीएसआर मद से इस कार्य हेतु 40 लाख रूपये की स्वीकृति दिलवाई गई हैं ताकि कार्य में धनराशि की कमी न हों।

उक्त बातें टीपी नगर स्थित गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा परिसर में सीएसआर मद से 40 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पेवर ब्लाक के भूमिपूजन के दौरान कही। इस मौके पर उद्योग मंत्री देवांगन ने निर्माण एजेंसी को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य संपादित करने एवं कार्य में अपेक्षित गति लाते हुए समयसीमा में कार्य को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैं आभारी हूं मुझे अपनी सेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा सिख समाज त्याग, वीरता व बलिदान के लिए हमेशा से जाना जाता रहा है, मैं आभारी हूँ कि समाज ने मुझे भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया है। मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि यहां पर स्थित लंगर हाल जीर्णोद्धार कराए जाने की घोषणा महापौर संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई है, इस कार्य में जो भी कमीबेशी होगी, उसे पूरा करने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर समाज के बंधुओं की मांग पर महापौर संजूदेवी राजपूत ने गुरूद्वारा प्रांगण में स्थित लंगर हाल के जीर्णोद्धार कराए जाने की घोषणा की। इस मौके पर गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा प्रबंधन कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी अमरीक सिंह धंजल ने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन जब कोरबा के महापौर थे तो उन्होने गुरूद्वारा प्रांगण में लंगर हाल की सौगात दी थी, यहां पर प्रकाश व्यवस्था के साथ अन्य विकास कार्य उनके द्वारा कराए गए थे। उन्होंने कहा कि श्री देवांगन से जब हमने उस समय लंगर हाल निर्माण का आग्रह किया तो उन्होंने कहा था कि ड्राईंग आपकी होगी, फण्ड हमारा होगा, समाज के लोग जैसा चाहेंगे, वैसा ही लंगर हाल यहां पर बनेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन व अशोक चावलानी, पार्षद प्रेमलता बंजारे, युगल कैवर्त आदि उपस्थित रहे।

# रक्तदान करना पुण्य का कार्य : धनोंदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




रक्तदान करते रक्तदाता।

मारवाड़ी युवा मंच एवं नवचेतना शाखा कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 9 दिवसीय रक्तदान शिविर के सातवें दिन का आयोजन त्रिलोकी पब्लिक स्कूल, कटघोरा में उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर त्रिलोकी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक दायित्व का परिचय दिया। शिक्षकों ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है और ऐसे आयोजनों में सभी को आगे आकर सहभागी बनना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंच के संरक्षक, समाजसेवी एवं पत्रकार संघ कटघोरा के अध्यक्ष अजय धनोदिया रहे उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच एवं नवचेतना शाखा द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि लगातार 9 दिनों तक विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करना मंच की सेवा भावना और संगठनात्मक क्षमता को दर्शाता है। साथ ही यह भी बताया कि निश्चित ही आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरत मन्द लोगो के काम आएगा क्योंकि रक्तदान करना पुण्य जा कार्य होता हैं ततपश्चात सभो रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह व प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित भी किया। शिविर के सफल आयोजन में त्रिलोकी पब्लिक स्कूल के संचालक आशुतोष धनोदिया का विशेष सहयोग रहा, जिनका मंच की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। मंच पदाधिकारियों ने विद्यालय परिवार को इस मानवीय कार्य के लिए सहयोग प्रदान करने हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। अंत में सभी रक्तदाताओं, अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन एवं सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी शिविर स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में लोगों से रक्तदान करने की अपील की गई।

# गणतंत्र दिवस पर कटघोरा में होगा देशभक्ति का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति, एकता और अखंडता को समर्पित दो ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा तन्मय खन्ना एवं कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी की पहल पर नगर में पहली बार 25 जनवरी कटघोरा रन फ़ॉर रिपब्लिक तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की संध्या एक शाम शहीदों के नाम शीर्षक से सांस्कृतिक संगीतमय कार्यक्रम आयोजित होगा।

गणतंत्र दिवस से पूर्व आयोजित यह मैराथन दौड़ देश की एकता, सुरक्षा और शांति के संकल्प को सशक्त करने का प्रतीक होगी। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में नगरवासी, विशेषकर युवा व छात्र वर्ग भाग लेंगे। कटघोरा रन फ़ॉर रिपब्लिक मैराथन का शुभारंभ 25 जनवरी, रविवार को नगर के मुख्य चौराहा शहीद वीर नारायण चौक स्थित रैन बसेरा प्रांगण से किया जाएगा। प्रतिभागी टोकन लेकर दौड़ प्रारंभ करेंगे, जो लखनपुर बरभाटा नारायणी राइस मिल के पास से दूसरा टोकन प्राप्त कर पुनः कटघोरा चौक पर समाप्त होगी। यह मैराथन पुरुष एवं महिला दो वर्गों में आयोजित की जाएगी जो कि 10 किलोमीटर की दौड़ होगी तथा इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। विजेताओं का सम्मान समारोह भी 25 जनवरी को ही आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 26 जनवरी को नगर मुख्य चौराहे के समीप स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में एक शाम शहीदों के नाम शीर्षक से भव्य मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इस संगीतमय आयोजन में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।

## श्रीवास सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष बने शत्रुघ्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रीवास (नाई) सामाजिक कल्याण समिति का विधिपूर्वक निर्वाचन संपन्न हुआ। समाज के सभी सदस्यों द्वारा इसमें सहभागिता लिया गया एवं सभी पदों पर समाज के द्वारा निर्विरोध निर्वाचन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए एवं साथ-साथ सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ जिसमें अध्यक्षः शत्रुघ्न लाल श्रीवास बने, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास, महासचिव लीलाधर श्रीवास, कोषाध्यक्ष रिखीराम श्रीवास, संयुक्त सचिव रमेश श्रीवास चुने गए। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य पवन श्रीवास व तुलेश श्रीवास बने। संगठन सचिव राजेश्वर श्रीवास, व्यवस्थापक अखिलेश श्रीवास बनाए गए। विशिष्ट प्रकोष्ठ में मंत्री व्यावसायिक प्रकोष्ठ संतोष श्रीवास, सदस्य (व्यावसायिक) सुशील, राजेन्द्र श्रीवास, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, जगदीश श्रीवास, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, मंत्री महिला प्रकोष्ठ एवं सदस्य के पद पर महिला मंत्री श्रीमती कल्याणी श्रीवास, सदस्य शारदा श्रीवास, अन्नपूर्णा श्रीवास, सुमन श्रीवास, सुषमा श्रीवास, बसंती श्रीवास बनाए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी लक्ष्मीनारायण श्रीवास ने अन्य अधिकारी रामनारायण श्रीवास, कैलाशचंद्र श्रीवास, घनश्याम श्रीवास, सत्यवान श्रीवास, जगदीश श्रीवास, शिव नारायण श्रीवास बने।

## जो भीतर के विष को पचा ले वही अमृत का अधिकारी : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जीवन में सफलता पाने के लिए व्यक्ति को स्वयं को तपाना पड़ता है। अमृत का अधिकारी वही बनता है, जो अपने भीतर के विष को पचाने की क्षमता रखता हो। संसार की बुराइयों को सुनकर, ठोकरें खाकर भी जो स्वयं को संभाले रखता है, वही वास्तव में सफल होता है।

उक्त बातें कथावाचक पं. सौरभ शर्मा ने स्व. हर प्रसाद जायसवाल के वार्षिक श्राद्ध निमित्त गृह ग्राम पोंडीबहार में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ के चौथे दिवस समुद्र मंथन प्रसंग के दौरान कही। सत्यनारायण मंदिर के सामने सावित्री जायसवाल एवं समस्त जायसवाल परिवार द्वारा आयोजित इस संगीतमय कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। पं. सौरभ शर्मा ने कथा अमृत का रसपान कराते हुए कहा कि अमृत से भी अधिक शक्ति वेदमंत्रों में होती है। यदि मुकाबले की स्थिति उत्पन्न हो, तो अमृतपान करने वाले पर वेदमंत्र धारक की विजय निश्चित है, बशर्ते वह गायत्री मंत्र का साधक हो। उन्होंने बताया कि इस जगत में सर्वप्रथम अमृतपान करने वाले देवादिदेव महादेव हैं। हलाहल विषपान से पूर्व उन्होंने करोड़ों वेदमंत्रों में से एक राम नाम रूपी अमृत का पान किया था। रामनाम अमृत से युक्त होकर ही भोलेनाथ ने जगत कल्याण के लिए हलाहल विषपान किया और नीलकंठ कहलाए। हृदय में अमृत और कंठ में विष धारण करने से महादेव के शरीर में विष का प्रभाव स्थिर हो गया।

## कलेक्टर एवं एससपी की उपस्थिति में मिनट -टू -मिनट कार्यक्रम का किया गया अभ्यास

# फुटबॉल ग्राउंड सीएसईबी में गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस फ़ाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के अंतर्गत शनिवार को फुटबॉल ग्राउंड, सीएसईबी कोरबा (पूर्व) में फाइनल रिहर्सल सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। रिहर्सल के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार समस्त आयोजनों का अभ्यास किया गया।

फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका में सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड का निरीक्षण किया। मुख्य समारोह में प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुरूप ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित सभी गतिविधियों का क्रमबद्ध अभ्यास किया गया। परेड में जिला पुलिस बल, नगर सेना, वन विभाग, सी.आई.एस.एफ., एन.सी.सी. तथा स्काउट-गाइड की टुकड़ियों ने सहभागिता की। परेड का नेतृत्व मुख्य परेड कमांडर आर.आई. अनथराम पैकरा एवं सहायक परेड कमांडर एस.आई. अजय सोनवानी द्वारा किया गया। इसके साथ ही



विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अभ्यास सम्पन्न हुआ। रिहर्सल के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने समारोह स्थल पर अतिथियों एवं आम नागरिकों की बैठक व्यवस्था, साउंड सिस्टम, पेयजल, जलपान सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन से जुड़े शेष कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा विभागीय झांकियों के प्रवेश एवं निर्गत मार्ग को स्पष्ट रूप से चिन्हांकित कर सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने कार्यक्रम के दौरान अनुशासन बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि समारोह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसडीएम कोरबा सरोज महिलांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हेल्थ प्लस

### निःसंतान दंपत्ती को मिला कृष्णा आईवीएफ में संतान सुख



**कोरबा।** कोयलांचल निवासी रमा बाई (परिवर्तित नाम) उम्र 38 वर्ष विवाह के 15 वर्ष के बाद भी मातृत्व सुख से वंचित थी। विगत 5 वर्ष से निरंतर प्रयास कर रहे थे एवं महानगरों की चिकित्सा संस्थानों से आईवीएफ की निरंतर दो बार प्रयास एवं अत्यधिक खर्च करने के बाद भी सफलता नहीं मिलने से निराश हो चुके थे। ऐसे जटिल समय में कृष्णा आईवीएफ सेंटर से सफल मातृत्व सुख पा चुकी एक दंपत्ती ने उन्हें कृष्णा आईवीएफ कोरबा, में डॉ. प्रीति उपाध्याय फर्टिलिटी रोग विशेषज्ञ से सलाह एवं इलाज का सुझाव निसंतान दंपत्ती को दिया जिसके उपरांत जब रमा अपने पति के साथ एक आस लेकर कृष्णा आईवीएफ सेंटर पहुंची जहां डॉ. प्रीति उपाध्याय की सूझ बुझ अथक परिश्रम एवं आधुनिक आईवीएफ तकनीक के द्वारा प्रथम प्रयास में ही दंपत्ती को कुछ ही महीनों के ईलाज से सफलता मिल गई। निसंतान दंपत्ती को विश्वास ही नहीं हो पा रहा था कि निरंतर 2 असफलता के बाद महानगरों के महंगे आईवीएफ सेंटर के विफल हो जाने के बाद भी उन्हें कोरबा जैसे छोटे नगर कृष्णा आईवीएफ सेंटर में उन्हें प्रथम प्रयास में ही सफलता मिल गई वो खुशी से गदगद हो रहे दंपत्ती कृष्णा आईवीएफ सेंटर डॉ. प्रीति उपाध्याय एवं उनके टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद अर्पित कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा की बैठक हुई सम्पन्न



**कटघोरा।** बी.के.जे.एस.एम कार्यकारिणी की प्रथम बैठक नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र राय,संरक्षक लालचंद गुप्ता, महासचिव राकेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति में एन सी आर दिल्ली एलीगेंट होटल एण्ड बैंकेट में सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ से विनोद जायसवाल कटघोरा, विजय जायसवाल रायगढ़ ने छत्तीसगढ़ में हो रहे विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से महासभा को रिप्रेजेंट किया। छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से विनोद जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र रॉय का सम्मान फूलों से भरे गुलदस्ते से किया, साथ ही समाज के विकास की असीम संभावनाओं से अवगत कराते हुए निकट भविष्य में प्रदेश के दौरे के लिए आमंत्रित किया। बैठक में राष्ट्रीय महिला समिति का विधिवत गठन किया गया। समाज की प्रथम आवश्यकता राजधानी दिल्ली में भवन निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रॉय ने पूरी टीम के साथ प्लाट क्रय की दिशा में आवश्यक कदम उठाया। समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए विभिन्न समितियों के गठन की बात कही। प्रबंध कारिणी और कार्यकारिणी गठन के उपरांत शपथ ग्रहण का भव्य कार्यक्रम झांसी में सम्पन्न होगा।

### युवक की पिटाई मामला दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी पुलिस चौकी के सामने एक युवक को दर्जन से अधिक युवकों ने मिलकर पीट डाला। पुलिस अधिकारियों ने बीच बचाव कर स्थिति पर काबू पाया। सीएसईबी पुलिस चौकी के बाजू में बीती रात जमकर मारपीट हुई। एक युवक को पकड़ लिया गया और 12 से अधिक युवकों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोल इंडिया का...

तीनों कंपनियों में अधिकांश मैनपावर गैर-कार्यकारी श्रेणी का है। अधिकारियों की संख्या अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। महिला मैनपावर की स्थिति पर नजर डालें तो बीसीसीएल में 2713, इसीएल में 3706 और सीसीएल में 3542 है। कुल मैनपावर की तुलना में महिला कर्मियों की हिस्सेदारी अभी भी सीमित बनी हुई है।

# पत्रकारिता में स्व.विजय शर्मा के विकासपरक विचारों की झलक देख हर्षित और गर्वित हूं : संजू देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हमारी ऊर्जानगरी कोरबा को स्वच्छ, सुंदर और पूर्ण विकसित बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की मुहिम में आप सभी पत्रकार साथियों का हरसंभव सहयोग सदा ही मिलता रहा है। जिनकी स्मृति में आज का यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है, कोरबा में पत्रकारिता के आधार स्तंभ रहे उस विभूति, स्व. विजय शर्मा से मुझे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला। मुझे खुशी है कि इस मंच पर मैं आप सभी में उन्हीं के विकासशील विचारों को देख रही हूं। कोरबा की पत्रकारिता में स्व. शर्मा के विकासपरक विचारों की झलक देख हर्षित और गर्वित हूं।

अलग खबर

उक्त बातें शुक्रवार को कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित प्रतिभावान बच्चों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहीं। वरिष्ठ पत्रकार एवं कोरबा प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व. विजय शर्मा की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित

### प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित



कार्यक्रम में कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य परिवार समेत सम्मिलित हुए और होनहार बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, दूसरी बार पार्षद एवं भाजयुमो उपाध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, पार्षद पंकज देवांगन, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर मंच पर उपस्थित रहे और प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि आज मां सरस्वती के पूजन का दिन है। स्व. विजय शर्मा मेरे पिता तुल्य हैं। बचपन में उनसे मिली सीख का ही परिणाम है जो मैं आज इस पद पर पहुंचा हूं। उन्हीं के दिखाए रास्ते पर चलकर कोरबा की पत्रकारिता और कोरबा प्रेस क्लब आज ऐसे मजबूत आधार पर है, जो पूरे प्रदेश में कोरबा की पत्रकारिता एक अलग पहचान हासिल की है। पार्षद एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने कहा है मैं अभिभूत हूं जो कोरबा में पत्रकारिता के प्रतिबिंब रहे ऐसे वरिष्ठ पत्रकार स्व. विजय शर्मा की स्मृति में आयोजित प्रतिभावान बच्चों के सम्मान समारोह में शामिल होने का अवसर मिला। आप पत्रकार साथियों को लोकतंत्र के चतुर्त स्तंभ का गौरव प्राप्त है, जो निरंतर स्वयं ज्ञान को ग्रहण कर समाज में उजाला भरते हैं। हम सभी कोरबा वासी सौभाग्यशाली हैं जो हमारे जिले में आप जैसे ऊर्जावान, निर्भीक और ज्ञानवान पत्रकार कलम की बागडोर संभाल रहे हैं। इस दौरान पत्रकारगण, परिजन तथा उनके बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने योजना के क्रियान्वयन में गम्भीरता से प्रगति लाने हेतु किया निर्देशित

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से आमजनों को मिलेगी आर्थिक राहत : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के जिले में प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं अधिकृत वेंडर्स की समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजना की जमीनी प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने इसे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से आमजन को आर्थिक राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा का लाभ मिलेगा, इस हेतु सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, बैंकर्स एवं वेंडर्स आपसी समन्वय से कार्य कर योजना को सफल बनाएं। कलेक्टर ने जिले में योजना के निर्धारित लक्ष्यापूर्ति हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर सुनिश्चित करने तथा कार्यप्रणाली में



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

प्रोफेशनल अप्रोच बढ़ाते हुए तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधिक से अधिक नागरिकों को योजना के लाभों से अवगत कराते हुए योजना से जोड़ने हेतु निर्देशित किया। इस हेतु वार्डवार शेड्यूल निर्धारित कर शिविर आयोजित करने तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आमजन को योजना से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित वेंडर्स को प्लांट स्टालेशन में प्रगति लाने हेतु पर्याप्त सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मटेरियल डंपिंग बढ़ाने एवं फील्ड इंजीनियरों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने शासकीय भवनों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, आश्रम छात्रावास एवं जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सोलर प्लांट स्थापना के आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करने को कहा। साथ ही विभागीय अभियंताओं को लंबित आवेदनों की प्रत्येक चरण में नियमित समीक्षा करने, अनावश्यक विलंब रोकने तथा अधीनस्थ अभियंताओ को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर प्लांट इंस्टालेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभियंताओ को निर्देशित किया कि किसी भी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। बैठक में बैंकर्स एवं वेंडर्स से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता कोरबा शहरी विद्युत विभाग आर एल वर्मा, कार्यपालन अभियंता कोरबा ग्रामीण शत्रुघन सिंन्हा, कार्यपालन अभियंता कटघोरा ग्रामीण संभाग अंशु वासने सहित विभाग के उप अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं अधिकृत वेंडर्स उपस्थित थे।

# छुईहापारा में मां सरस्वती की हुई पूजा, सुभाषचंद्र बोस की मनी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा विकासखंड कटघोरा में बसंत पंचमी के पवित्र दिवस पर मां विद्यादायिनी की पूजा एवं आशीर्वाद प्राप्त कर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। संस्था के प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर ने कहा कि बसंत पंचमी में विभिन्न शुभ कार्य का विधिवत शुरुआत किया जाता है, आज पीले रंग का विशेष महत्व हैं यह रंग शांति एवं ऊर्जा दोनों का प्रतीक है, सरस्वती पूजन के महत्व को प्रतिपादित किया। साथ ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जयंती मनाई गई। उनका स्वतंत्रता के लिए योगदान, उनका जीवन परिचय, उनके प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा दिल्ली चलो एवं आज उनके जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाना बताया गया। साथ ही परीक्षा को लेकर चर्चा तैयारी,



जयंती कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक।

विद्यालय विकास योजना, सामुदायिक सहभागिता, न्यौता भोजन कराने पर चर्चा करना एवं छात्रवृत्ति, अपार आई डी, अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम एवं अन्य विद्यालयीन चर्चा को सामने रखा साथ ही बच्चों के द्वारा अच्छे से कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एसएमसी एवं पालको की आज चतुर्थ त्रैमास बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी एजेंडा पर प्रधानपाठक द्वारा चर्चा किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत के उपसरपंच शिक्षा समिति के स्थायी अध्यक्ष श्रीमती उषा मनहर, एसएमसी के अध्यक्ष विजय मनहर, एसएमसी के उपाध्यक्ष श्रीमती संतरा यादव, शिक्षाविद राजेश्वरी राठौर, अन्नपूर्णा मनहर, जमीला यादव, श्यामा यादव, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती गायत्री राजवाड़े, शिक्षक महेंद्र सिंह, शिक्षक रमाकांत मार्बल, अविषेक कुर्रे, प्रेमलता, धर्मिन बाई, गौरी शंकर, गोविंद, राजा, सहस राम राठौर, एमडीएम समूह एवं पालकगण, ग्राम पंचायत के पंच तथा विद्यालयीन छात्र छात्रा उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन शिक्षक महेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया।






## खबर संक्षेप



### गुरुधाम बालको में सोलह सूत महायज्ञ चौका आरती का आयोजन कल से

**कोरबा।** सतगुरु माणिक गुरुधाम बालको में हर वर्ष भांति इस वर्ष भी मांघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोलह सूत महायज्ञ चौका आरती का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 26 जनवरी की दोपहर 2 बजे से भव्य शोभायात्रा, घंटाघर कोरबा से बेलाक्छार, बालको टाउनशिप भ्रमण करते, बस स्टैंड होते हुए गुरुधाम बालको तक, 27 जनवरी को ग्रन्थप्रवचन गायन वादन, युवक- युवती परिचय सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, 28 जनवरी को महायज्ञ सोलह सूत चौका आरती सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में समिति संरक्षक रेशम दास साहेब, अध्यक्ष संतोष दास साहेब, धरम दास साहेब, गिरवर साहेब टिकेश दास साहेब, लक्ष्मन साहेब, महादेव दास साहेब, श्याम महंत झंगन बाई साहेब, उर्मिला साहेब, प्रमिला साहेब, रेखा साहेब आमीन माताओं के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है।

### बोईदा में छात्रों को किया गया गणवेश का वितरण



**हरदीबाजार।** पाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईदा में स्थित शास.उच्च.मा.वि.बोईदा में छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड के लिए गणवेश वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दुष्यंत शर्मा, एसएमडीसी अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि, सरपंच ग्राम पंचायत बोईदा, शंकर सिंह कंवर सरपंच ग्राम पंचायत मुरली, अंजली श्रीवास सभापति जनपद पंचायत पाली, कौशल श्रीवास अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार व पूर्व जनपद सदस्य पाली, पूनम दुबे प्राचार्य, फिरन सिंह कंवर एसएमडीसी सदस्य, व्याख्यात लखन लाल बंजारे, पुरूषोतम कुमार, देवी दयाल सिंह, जितेन्द्र कुमार नेटी, विरेन्द्र कुमार कुर्रे, सुनील कुमार मिश्रा, निहारिका, सेतकुमार, गौरव सिंह भाग्यश्री उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस के जिला संगठन का किया गया विस्तार

**कोरबा।** भारतीय युवा कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष राकेश पंकज ने युवा कांग्रेस के जिला संगठन का विस्तार किया है। जिसमें जिला अध्यक्ष ने 49 युवाओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया है। जिनमें अजित बर्मन, विवेक श्रीवास, प्राची दुबे, गौरव राजवाड़े, मेहल चौहान शामिल हैं। वहीं आशीष गुप्ता, मधुरदास महंत, सुजीत बर्मन, नारायण यादव, कुलदीप राठौर, रजनी भारती, निकिता खलखो, विकास यादव, प्रहलाद साहु, आकाश प्रजापति, साहिल कुरैशी, तुमुल चौहान एवं कमल चंद्रा को महासचिव बनाया गया है। इसी प्रकार शशिराज, रूपेश महंत, मिनकेतन गबेल, प्रियंका मिश्रा, मो.शफीक, दिनेश जायसवाल, लवराज, अभिषेक लहरे, राजेश श्रीवास, कुशाल बघेल, जिशान खान, नितेश यादव, रितिक वानखेड़े, लेखीराम केंवट, अविनाश साहु, आशीष राठौर, रूपेश साहु, सोमेश दीवान, दुर्गेश साहु, संजय पटेल, करण जांगड़े, अमर जायसवाल एवं धनराज निर्मलकर को सचिव पद पर जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ आकाश प्रजापति, आशीष राठौर, संजय पटेल, राजेश श्रीवास, कुलदीप राठौर, कमल चंद्रा, अजीत बर्मन, विकास यादव, विवेक श्रीवास, कार्यालय प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी और मंडल प्रभारी का अतिरिक्त जवाबदारी दी गई है। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा है कि युवा कांग्रेस कमेटी ने जो जिम्मेदारी दी उसका वे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। कमेटी में कुल 13 युवाओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। जिसमें पवन विश्वकर्मा, बृजभूषण प्रसाद, कमलेश गर्ग, अश्वनी पटेल, रूपेश चंद्रा, राकेश चौहान, सरफुद्दीन आलम, विशाल डेविड, सूरज गुप्ता, सोनल फिलिक्स, बसलेल नंद, विकास पीटर एवं संदीप शर्मा शामिल हैं।

# राज्य को संवारने और विकसित करने का काम कर रही हमारी सरकार : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी के द्वारा हम सबको छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी गई थी, अब छत्तीसगढ़ को संवारने, इसे सम्पूर्ण रूप से विकसित करने का कार्य हमारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है, डॉ.रमन सिंह जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने, तो विकास के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ था, अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में उन्होने विकास के सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक रूप से कार्य किया तथा राज्य के विकास पुरूष की छबि बनाई।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने में सड़क निर्माण, कालेज व स्कूल भवन निर्माण आदि से जुड़े साढे 47 करोड़ रूपये के विकास कार्यों के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हम

### उद्योग मंत्री ने साढ़े 47 करोड़ रुपए के कार्यों का कराया शुभारंभ

**खास बातें**

- रामपुर शासकीय महाविद्यालय का बनेगा नया भवन
- प्रमुख सड़क मार्गों का होगा निर्माण



सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लगातार आशीर्वाद प्रदेश के विकास को मिल रहा है, वहीं मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री का लगातार सहयोग, मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ कोरबा का भी सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि केवल जिला खनिज न्यास मद से ही जिले के 4 विधानसभा क्षेत्रों में 3 हजार करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं, आगे आने वाले समय में जिले की सभी सड़कों व प्रमुख मार्गों का कायाकल्प होगा तथा नागरिकों की विकास से जुड़ी अन्य समस्याएं भी शीघ्र दूर होंगी। विकास कार्यों में 29 करोड़ 80 लाख से झगरहा कोरकोमा पसरखेद चचिया मार्ग निर्माण, 7 करोड़ 22 लाख से सक्ती से कोरबा मार्ग के बीच 3.40 किलोमीटर मार्ग का उन्नयन कार्य, 1 करोड़ 87 लाख रूपये से रिंग रोड मुख्य मार्ग से डिंगापुर पहुंच मार्ग का निर्माण, 1 करोड़ 58 लाख रूपये से मुड़ापार से दादर भालुसटका होते हुए रिसदी बायपास तक 2 लेन निर्माण कार्य, 4 करोड़ 65 लाख रूपये से शासकीय नवीन महाविद्यालय रामपुर जिला कोरबा का भवन निर्माण कार्य, 1 करोड़ 21 लाख रूपये से पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर के हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य तथा 1 करोड़ 21 लाख रूपये से मदनपुर स्कूल भवन निर्माण कार्य आदि कार्य शामिल हैं।

## पुराने स्कूल भवन को ही करना होगा डिस्मेंटल

# स्कूलों में अब नहीं बनेंगे अतिरिक्त कमरे, जगह की कमी बनी वजह



**लगी है रोक**

स्कूलों में अतिरिक्त कमरों के निर्माण पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। पुराने भवन को डिस्मेंटल करने के बाद ही नए भवन स्वीकृत होंगे।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वशिक्षा अभियान के तहत प्राइमरी स्कूल से लेकर मीडिल स्कूल के परिसर में अतिरिक्त कमरों का जितनी संख्या में निर्माण किया गया उससे स्कूल परिसर में जगह की कमी हो गई। परिणाम स्वरुप अन्य निर्माण के लिए जगह नहीं होने के कारण अब विभाग के द्वारा आदेश जारी कर अतिरिक्त कमरों के निर्माण में रोक लगा दी गई है। पुराने स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने के बाद ही नए भवन बनाए जा सकेंगे।

जिले के स्कूलों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण कमाई का जरिया बन चुका था। सर्वशिक्षा अभियान के तहत हर प्राइमरी और मीडिल स्कूलों में अतिरिक्त कमरों का

**खास बात**

- प्रधान पाठक कक्ष के नाम से बने हैं अतिरिक्त कमरे

निर्माण तेजी से किया गया। निर्माण के दौरान स्कूल प्रबंधन को जहां जगह खाली मिली वहीं निर्माण करा दिया गया। जिसकी वजह से स्कूल परिसर में बच्चों के खेलने के लिए जगह की कमी पड़ गई और कोई विशेष कार्यक्रम के लिए भी जगह का संकट सामने आने लगा था। कई स्कूलों में अतिरिक्त कमरे गोदाम के काम आ रहे हैं। इसकी वजह से शिक्षा विभाग के द्वारा अतिरिक्त कमरों के निर्माण पर रोक लगाई गई है। विभाग का कहना है कि कई स्थानों पर अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता नहीं थी लेकिन अतिरिक्त कमरे की स्वीकृति करा ली गई जिनका निर्माण कार्य प्रधानपाठक की देख रेख में हुआ और निर्माण की राशि भी उनके खाते में ही गई। लिहाजा अतिरिक्त कमरों का निर्माण कमाई का जरिया बन गया। अब जो निर्देश जारी हुए हैं उसके अनुसार पुराने भवन को डिस्मेंटल करने के बाद ही उस स्थान पर नए भवन का निर्माण होगा। जहां पुराने भवन डिस्मेंटल नहीं होंगे वहां किसी भी तरह के निर्माण को स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

# जंगली सुअर का शिकार करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पकड़े गए आरोपी व जब्त सामान।

कटघोरा वन मंडल के ग्राम पंचायत बारीउमराव के लीमपानी में एक व्यक्ति के द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने छापामार

**खास बातें**

- मुखबीर की मिली सूचना पर वन विभाग की टीम ने की छापामार कार्यवाही
- पलमा पहाड़ के जंगल में शिकार के लिए लगाए गए फंदे में फंसने से हुई थी जंगली सुआर की मौत

कार्यवाही की। इस दौरान टीम ने लीमपानी में निवासरत इंद्रपाल के मकान से 5 किलो जंगली सुअर का कच्चा मांस, पुराना जबड़ा सहित कुल्हाड़ी, परसुल व अन्य सामान जब्त किया है। इंद्रपाल ने पल्मा पहाड़ में फंदा लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया था। पकड़े गए चारों आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम लीमपानी (भदरापारा) ग्राम पंचायत बारीउमराव के एक व्यक्ति द्वारा जंगली सुअर का अवैध शिकार करने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी चैतमा दिनेश कुमार कुर्रे द्वारा टीम गठित कर तत्काल सर्च हेतु भेजा गया। टीम द्वारा ग्राम लीमपानी (मदरापार) में इन्द्रपाल पिता रामप्रसाद धनवार के घर पहुंचे और ग्राम के पंचों को बुलाकर अवैध शिकार की सूचना के बारे में बताया गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने इंद्रपाल के घर की तलाशी ली गई। इस दौरान 5 किलो जंगली सुअर का कच्चा मांस, 2 नग जंगली सुअर का पुराना जबड़ा, 3 नग जंगली सुअर का पैर एवं 2 कुल्हाड़ी, 1 नग परसुल, 2 नग हंसिया, 4 बंडल सेट्रिंग तार जप्त किया गया। उक्त संबंध में जब इन्द्रपाल से पुछताछ की गई तो इंद्रपाल ने बताया कि पलमापहाड़ मे फंदा लगाया गया था जिसमें 1 जंगली सुअर फंसकर मर गया था। जिसे ग्राम के ही मंतराम पिता बंधन सिंह धनवार, मिलन पिता नत्थु सिंह धनवार एवं जयलाल पिता राप्रसाद के साथ मिलकर जंगली सुअर को मौका स्थल मे ही काटकर आपस में बांट लिये और कुछ मांस को पकाकर खा लिये। वन विभाग के टीम द्वारा प्राप्त साक्ष्य, बयान, पंचनामा एवं जप्त की गई सामग्री आदि के आधार पर उक्त चारों आरोपीयों की गिरफतारी की गई एवं वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 09, 39, 44, 48 (क), 51 एवं 52 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। वन विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# जब ग्राम विकसित होगा, तभी राज्य और राष्ट्र विकसित होगा : रामूरोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जब ग्राम विकसित होगा, तभी राज्य और राष्ट्र विकसित होगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने गांवों को

**खास बातें**

- वीबी जी राम जी योजना को जन जन तक पहुंचाने किया गया जिला सम्मेलन का आयोजन
- उद्योग मंत्री, संभाग प्रभारी व महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि हुए शामिल

विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर हाथ में काम, कार्य की गुणवत्ता, निगरानी एवं समीक्षा पर विशेष बल देते हुए विकसित भारत जी रामजी योजना को अधिनियम के रूप में लागू किया। इस योजना के माध्यम से मनरेगा की कमियों को दूर करते हुए आमजन की भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाया गया है, काम के अधिक अवसर दिए गए कार्य दिवस बढ़ाया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते बिलासपुर संभाग प्रभारी श्री रोहरा।

उक्त बातें बिलासपुर संभाग प्रभारी रामू रोहरा ने वीबी जी राम जी योजना की आम नागरिकों जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने हेतु आयोजित जिला सम्मेलन के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के अंतर्गत कार्यों में वर्षों से चले आ रहे भ्रष्टाचार को समाप्त कर ग्रामीण श्रमिकों के हितों की प्रभावी रक्षा के उद्देश्य से वीबी जी राम जी योजना लागू की गई है। जिला स्तरीय सम्मेलन में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ संभाग प्रभारी रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला प्रभारी अनिल केसरवानी, सह प्रभारी बृजेंद्र शुक्ला, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत उपस्थित रहे। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने भी विकसित भारत जी रामजी योजना के गुणों एवं इसके दूरगामी लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल रोजगार नहीं, बल्कि श्रमिकों के सम्मान, समय पर मजदूरी और विकास में उनकी भागीदारी की गारंटी है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रमजाल को समाप्त कर हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की दिशा में जी रामजी योजना इस लक्ष्य की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, जोगेश लांबा, नरेन्द्र देवांगन, पवन गर्ग, अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महामंत्री संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान अजय विश्वकर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामनारायण सराफ, जिला पदाधिकारीगण, समस्त मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मोर्चा-प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन के अंत में उपस्थित जनसमूह ने वीबी जी राम जी योजना को जन-जन तक पहुँचाने, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और ग्रामीण श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने का संकल्प लिया।

# आग तापने के दौरान बालक बेहोश, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिरकी गांव में 14 वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दीपका पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बताया कि कक्षा 6वीं में पढने वाले शिवम प्रजापति पिता कन्हैयालाल प्रजापति की मौत की पुष्टि चिकित्सक ने परीक्षण के बाद की। बताया गया कि पिछली रात 8:30 बजे बालक अपने घर पर आग ताप रहा था। इस दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। परिजनों ने आनन फानन में उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने ने प्राथमिक परीक्षण के बाद शिवम के मृत्यु होने की पुष्टि की है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## नए 1320 मेगावाट प्लांट को सालाना 65 लाख टन कोयले की जरूरत

# एचटीपीपी विस्तार से कुसमुंडा खदान पर बढ़ेगी निर्भरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम स्थित एचटीपीपी के दूसरे चरण के तहत 1320 मेगावाट क्षमता के नए पावर प्लांट का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। संयंत्र की भविष्य की कोयला आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एसईसीएल प्रबंधन कुसमुंडा खदान के विस्तार की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है।क्राइम रिपोर्टिंग

निर्माणाधीन पावर प्लांट की दो नई इकाइयों के अस्तित्व में आने के बाद संयंत्र को सालाना लगभग 65 लाख टन कोयले की आवश्यकता होगी। यह कोयला कोल लिंकेज नीति के तहत कुसमुंडा खदान से ही आपूर्ति किया जाएगा। इसके चलते कोयला खदान पर एचटीपीपी संयंत्र की निर्भरता और अधिक बढ़ जाएगी। वर्तमान में एचटीपीपी में 210 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयाँ तथा पहले चरण के विस्तार की 500 मेगावाट की एक इकाई संचालित है। इस तरह संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 1340 मेगावाट है। इन सभी इकाइयों को कुसमुंडा खदान से कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से कोयले की आपूर्ति की जाती है। खदान से पावर प्लांट तक कुल तीन कन्वेयर बेल्ट लाइनें बिछाई गई हैं। इनमें से दो लाइनें 210 मेगावाट की चार इकाइयों के लिए तथा एक लाइन 500 मेगावाट की इकाई के लिए है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 24 हजार टन कोयले की आपूर्ति एचटीपीपी संयंत्र को की जा रही है। कोल लिंकेज गाइडलाइन के अनुसार दूसरे चरण के विस्तार संयंत्र को भी कुसमुंडा खदान से ही कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन खदान विस्तार कर उत्पादन बढ़ाने की तैयारी में जुटा है। इसके तहत अधिग्रहित गांव खोडरी और पाली के प्रभावितों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें चिन्हित नए बसाहट स्थल पर पुनर्वासित किया जाएगा। कुसमुंडा फोरलेन सड़क के किनारे चयनित स्थल पर सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का कार्य जारी है, ताकि विस्थापन के बाद नए फेस में खनन कार्य आगे बढ़ाया जा सके। एचटीपीपी के नए संयंत्र की कोयला जरूरतें कन्वेयर बेल्ट से पूरी नहीं हो सकेंगी। ऐसे में रेल मार्ग से कोयला आपूर्ति की योजना तैयार की गई है। संयंत्र से सुराकछार खदान की साइडिंग तक पूर्व से बिछी रेल लाइन का उपयोग किया जाएगा। रेल लाइन के मरम्मतीकरण, परीक्षण और संयंत्र के समीप एमजीआर प्रणाली स्थापित होने के बाद मालगाड़ियों से कोयला परिवहन शुरू किया जाएगा। इसके लिए रेलवे राइट्स के तहत सर्वे भी कराया जा चुका है।

**प्रभावितों को रोजगार देने की प्रक्रिया शुरू**

कुसमुंडा खदान विस्तार के तहत अधिग्रहित गांव रिस्दी के प्रभावितों को रोजगार देने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। खदान विस्तार के लिए 136.339 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। कोल इंडिया की आरएंडआर पॉलिसी-2012 के तहत 168 भू-विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी दी जाएगी। रोजगार कटऑफ सूची के आधार पर दिया जाएगा। पहले प्रत्येक खातेदार को नौकरी मिलती थी, लेकिन नई नीति के तहत छोटे खातेदार इस सुविधा से वंचित रह जाते हैं।




